**0104**

**SET -**

Total No. of Questions - **16**

Total No. of Printed Pages - **7**

**Regd. No.** | | | | | | | | | | |

**Part - II**

# HINDI, Paper - I

**(Second Language)**

# MODEL QUESTION PAPER

**(For the Academic Year 2021-22 only)**

***Time :* 3 Hours** ***Max. Marks :* 100**

**सूचनाएँ:** 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

## खण्ड 'क'

**(60 अंक)**

**I.** निम्नलिखित **किसी एक** दोहे का भावार्थ लिखिए । 1×6=6

1. जहाँ दया तहँ धर्म है, जहाँ लोभ तहँ पाप ।
   जहाँ क्रोध तहँ काल है, जहाँ छिमा तहँ आप ।।
2. तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या, विनय, विवेक ।
   साहस, सुकृति, सुसत्य व्रत, राम भरोसो एक ।।
3. साच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप ।
   जाके हिरदे साच है, ता हिरदे गुरु आप ।।

**II.** निम्नलिखित **किसी एक** कविता का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । 1×6=6

1. दान-बल
2. समता का संवाद
3. प्रथम रश्मि



Turn Over

**III.** निम्नलिखित **किसी एक** पाठ का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । 1×6=6

1. अपराजिता
2. गिल्लू
3. शिष्टाचार

**IV.** निम्नलिखित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखिए । 2×4=8

1. ध्यानचंद का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए ।
2. प्रदूषण को रोकने के कुछ उपाय लिखिए ।
3. खड़गसिंह का चरित्र चित्रण कीजिए ।
4. रवींद्र का लक्ष्य क्या था?
5. वनों को नष्ट करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लिखिए ।

**V.** निम्नलिखित **किन्हीं दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 2×3=6

1. भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहाँ ।
   सबका शिव कल्याण यहाँ है, पावें सभी प्रसाद यहाँ ।।
2. प्रथम रश्मि का आना रंगिणि!
   तूने कैसे पहचाना?
   कहाँ, कहाँ, हे बाल-विहंगिनि!
   पाया तूने वह गाना ?
3. सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम ।
   आओ यहाँ अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम ।
   रेखाएँ प्रस्तुत हैं, अपने, मन के चित्र बना लें हम ।
   सौ-सौ आदर्शों को लेकर, एक चरित्र बना लें हम ।।
4. ऋतु के बाद फलों का रुकना डालों का सड़ना है,
   मोह दिखाना देय वस्तु पर आत्मघात करना है ।
   देते तरु इसलिए कि रेशों में मत कीट समायें,
   रहें डालियाँ स्वस्थ और फिर नये-नये फल आयें ।

5. दान जगत का प्रकृत धर्म है, मनुज व्यर्थ डरता है,
एक रोज तो हमें स्वयं सब-कुछ देना पड़ता है ।
बचते वही, समय पर जो सर्वस्व दान करते हैं,
ऋतु का ज्ञान नहीं जिनको वे देकर भी मरते हैं ।

**VI.** निम्नलिखित **किन्हीं दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 2×3=6

1. विनम्रता केवल बड़ों के प्रति नहीं होती । बराबर वालों और अपने से छोटों के प्रति भी नम्रता और स्नेह का भाव होना चाहिए ।
2. यदि कोई कुछ कष्ट या असुविधा उठाकर हमारे लिये कोई काम करता है तो हमें उसके प्रति अपनी कृतज्ञता अवश्य प्रकट करनी चाहिए ।
3. मेधावी पुत्री की विलक्षण बुद्धि ने फिर मुझे चमत्कृत कर दिया है । सरस्वती जैसे आकर जिह्वाग्र पर बैठ गयी थी ।
4. भारत त्योहारों का देश है । यहाँ लगभग हर राज्य के अपने-अपने राज्य पर्व हैं ।
5. रूई की पतली पत्ती दूध से भिगोकर जैसे-जैसे उसके नन्हें से मुँह में लगाई पर मुँह खुल न सका और दूध की बूँदें दोनों ओर ढुलक गई ।

**VII.** निम्नलिखित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । 2×3=6

1. सत्‌गुरु के विषय में कबीर के क्या विचार हैं ?
2. तुलसी के अनुसार विपत्ति में साथी कौन होते हैं ?
3. दिनकर के अनुसार दान देने से नदी को क्या लाभ होता है?
4. सुमित्रानंदन पंत का कवि परिचय लिखिए ।
5. तुलसी के अनुसार मीठे वचन बोलने से क्या लाभ हैं ?
6. मैथिलीशरण गुप्त का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।



Turn Over

**VIII.** निम्नलिखित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । 2×3=6

1. अनुशासन के पालन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।
2. चंद्रा की माँ को 'वीर जननी' का पुरस्कार क्यों दिया गया ?
3. गिल्लू किसका नाम है ? उसके बारे में आप क्या जानते हैं?
4. 'बतुकम्मा' का अर्थ क्या है और यह त्योहार कितने दिनों तक मनाया जाता है?
5. बतुकम्मा त्योहार में किन-किन फूलों का उपयोग होता है ? उनके नाम लिखिए ।
6. महादेवी वर्मा ने गिल्लू की किस प्रकार से सहायता की थी ।

**IX.** **एक शब्द** में उत्तर लिखिए । 5×1=5

1. कबीर ने दुर्जन की तुलना किससे की है ?
2. तुलसी ने काया की तुलना किससे की है ?
3. भारत माता के मंदिर में किसका व्यवधान नहीं है ?
4. किस काव्य के लिए दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
5. प्रथम रश्मि कविता में पक्षियों के घोंसलों के पास कौन पहरा दे रहे थे?

**X.** **एक शब्द** में उत्तर लिखिए । 5×1=5

1. समाज में सभ्य बनकर रहने के लिए कौन से नियम जानना आवश्यक हैं?
2. चंद्रा की माँ को कौन-सा पुरस्कार दिया गया ?
3. परिचारिका की भूमिका कौन निभा रहा था ?
4. किस त्योहार को फूलों का त्योहार भी कहते हैं?
5. तेलंगाणा का राज्य पर्व क्या है?

## खण्ड ‘ख’

## (40 अंक)

**XI.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 5×1=5

जैसे-जैसे मेरे खेल में निखार आता गया, वैसे-वैसे मुझे तरक्की भी मिलती गई । 1936 ई. में बर्लिन ओलंपिक में मुझे टीम का कप्तान बनाया गया । उस समय मैं सेना में लांस नायक था । बर्लिन ओलंपिक में लोग मेरे हॉकी खेलने के ढंग से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मुझे हॉकी का जादूगर कहना शुरु कर दिया । इसका यह मतलब नहीं कि सारे गोल मैं खुद ही करता था । मेरी तो हमेशा यह कोशिश रहती कि मैं गेंद को गोल के पास ले जाकर अपने किसी साथी खिलाड़ी को दे दूँ ताकि उसे गोल करने का श्रेय मिल जाए । अपनी उसी खेल-भावना के कारण मैंने जर्मनी के तानाशाह हिटलर तक का दिल जीत लिया था ।

1. बर्लिन में ओलंपिक्स खेल कब हुए?
2. ‘हॉकी का जादूगर‘ किसे कहा जाता है ?
3. साथी खिलाड़ी को क्या देने की बात हो रही है ?
4. हिटलर का दिल कैसे जीता गया ?
5. इस अनुच्छेद के लेखक का नाम क्या है ?

**XII.** सूचना के अनुसार लिखिए ।

1. निम्नलिखित **किन्ही चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 4×1=4

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) प्रकाश | ii) अंत | iii) निंदा | iv) आकाश |
| v) कायर | vi) प्रश्न | vii) नश्वर | viii) हिंसा |

2. निम्नलिखित **किन्ही चार** शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । 4×1=4

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) घोडा | ii) सूर्य | iii) घर | iv) वायु |
| v) शिक्षक | vi) माता | vii) नारी | viii) चाँद |



Turn Over

**XIII.** निम्नलिखित **किन्ही आठ** शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए । 8×1=8

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. रवीवार | 2. पड़ाई | 3. विध्यार्थी | 4. पुरुस |
| 5. पेठ | 6. आरंब | 7. ठिकठाक | 8. कारन |
| 9. दूद | 10. तयार | 11. पाणी | 12. नारि |
| 13. उपगृह | 14. इस्टेशन | 15. सूका | 16. भारथ |

**XIV.** निम्नलिखित कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 8×1=8

1. ...........! कितना सुंदर दृश्य है । (हाय!, वाह!)
2. वह बहुत दूर ............. आता है । (से, में)
3. मेज .............. पुस्तक है । (पर, में)
4. किसान मिट्टी .......... बीज बोता है । (में, से)
5. आशा ................ गीत गाया । (ने, से)
6. रजनी पौधों ..................... पानी दे रही है । (को, में)
7. राम ........... रावण को मारा । (में, ने)
8. मैं तुम ................ बडा हूँ । (से, में)

**XV.** सूचना के अनुसार **किन्ही छः** वाक्यों को बदलिए । 6×1=6

1. <u>मोर</u> सुंदर पक्षी है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य लिखिए ।)
2. <u>छात्र</u> पढ़ रहा है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य लिखिए ।)
3. <u>बिल्ली</u> दूध पीती है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य लिखिए ।)
4. <u>लड़का</u> खेलता है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य लिखिए ।)
5. <u>चौरस्ते</u> पर भीड़ है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)
6. वातावरण <u>अनुकूल</u> है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)
7. डॉ. चंद्रा <u>धैर्यशाली</u> है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

8. <u>भारतीय</u> संस्कृति महान है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

9. मुझे बाज़ार जाना था । (वर्तमान काल)

10. तू तेरे भाई के साथ खेल । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

11. अध्यापक ने विद्यार्थी पढ़ाया । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

12. मोहन ने पुस्तक लिखा । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

**XVI.** निम्नलिखित **किन्ही पाँच** वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5×1=5

1. Boys went to school.
2. Don't go home.
3. Study for two hours everyday.
4. India is a country of villages.
5. He can do anything.
6. I went to Delhi by plane.
7. There is a tree near my house.
8. May I borrow your pen.
9. We should be a good citizen.
10. It was terrible hot.

---